Himachal Pradesh Civil Judge (Mains) 2014

Paper IV · English · compulsory paper

Himachal Pradesh Judicial Services Main Examination 2014 · 3 hours · 200 marks

1. Write an essay on any one of the following topics (150 marks)

(a) Population Control.
(b) Judicial Reforms.
(c) Indiscipline Among Students.
(d) Justice delayed is justice denied.

2(a) Translate the following passage in to English (30 marks)

भारतीय राष्ट्रीयता के विकास में तीर्थ–भक्ति एवं तीर्थ–यात्रा का यह महत्वपूर्ण योगदान गांधीजी की पैनी दृष्टि से छिपा नहीं रह सका। भारत को अपना कर्मक्षेत्र बनाने से काफी पहले सन् 1909 में अफ्रीका में बैठकर उन्होंने अपनी छोटी, किन्तु सर्वाधिक महत्वपूर्ण पुस्तक 'हिन्द स्वराज' में लिखा– "हमको अंग्रेजों ने सिखाया है कि हम एक राष्ट्र नहीं थे और एक राष्ट्र बनने के लिए सैकड़ों बरस लगेंगे। यह बात बिल्कुल बेबुनियाद है। जब अंग्रेज हिन्दुस्तान में नहीं थे, हम तब भी एक राष्ट्र थे। हमारे विचार एक थे, हमारा रहन–सहन एक था। तभी तो अंग्रेजों ने यहां एक राज्य कायम किया। भेद तो बाद में पैदा किए। हमारे बड़े लोग पैदल या बैलगाड़ी में हिन्दुस्तान का सफर करते थे। जिन दूरदर्शी लोगों ने सेतुबंध रामेश्वरम्, जगन्नाथपुरी और हरिद्वार की यात्रा निश्चित की उनका आपकी राय में क्या ख्याल रहा होगा? वे मूर्ख नहीं थे यह तो आप कबूल करेंगे। उन्होंने सोचा कि कुदरत ने हिन्दुस्तान को एक देश बनाया है, इसलिए यह एक राष्ट्र होना चाहिए। इसलिए उन्होंने अलग–अलग स्थान तय करके लोगों की एकता का ख्याल इस तरह दिया जैसा दुनिया में और कहीं नहीं दिया गया है।"

2(b) Translate the following passage in to English (20 marks)

एक गाय ने एक राजकुमार के पेट में सींग मार दिया। जिससे राजकुमार की मृत्यु हो गई। परन्तु असमय मरकर भी राजकुमार बैकुण्ठ पहुँच गया। भक्त ने इसका कारण पूछा तो गुरु ने उत्तर दिया कि जिस गाय ने राजकुमार के पेट में सींग मारा था, वह गाय गंगा के किनारे रेत में खेल रही थी खेलने में, गाय के सींग को गंगा की रेती का स्पर्श हो गया। वही रेती वाले सींग से पवित्र गाय ने राजकुमार का वध कर दिया। गंगा की पवित्र रेती राजकुमार के पेट में चली गयी जिससे उसकी मुक्ति हो गयी तथा राजकुमार बैकुण्ठ पहुँच गया।

इतनी महिमा है गंगा जी की, गंगा जी की रेती की व गऊ माता की।